**Corporate Office:** B-37, Sector-1, NOIDA, Distt. Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh-201301

**Notice for Issue of Duplicate Share Certificate(s)**

Notice is hereby given that the under-mentioned shares certificate(s) of the Company have been reported to be lost / mislaid and the Company has received a request from the holder(s) of these shares to issue duplicate Share Certificate(s).
Any person who has any interest or claim in these shares should lodge such a claim with the Company at its Registered Office within 15 days from the publication of this notice, failing which the Company shall proceed to issue duplicate Share Certificate(s).
**Details of Equity Shares: Name(s) of Shareholder(s):**
Stream Mill Limited (Folio No. 11), Total No. of Equity Shares 4,62,840, Certificate No. 6 for 100 shares (Distinctive Nos. 501-600), Certificate No. 15 for 2,33,330 shares (Distinctive Nos. 51,02,863 - 53,36,192), Certificate No. 16 for 99,410 shares (Distinctive Nos. 53,36,193 - 54,35,602), Certificate No. 17 for 1,30,000 shares (Distinctive Nos. 54,35,603 - 55,65,602).

For **Kotla Hydro Power Private Limited**
Sd/-
Company Secretary
Place : Noida
Date : February 1, 2021

## K.C.P.SUGAR AND INDUSTRIES CORPORATION LIMITED

**Regd. Office: 'Ramakrishna Buildings', #239, Anna Salai, Chennai - 600 006**
**CIN: L15421TN1995PLC033198**
**044-28555171-176 | 044-28546617**
**secretarial@kcpsugar.com | www.kcpsugar.com**

**NOTICE**

[Pursuant to Regulation 47(1)(a) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015)]
**NOTICE** is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Wednesday, the 10th Day of February, 2021 at 3.30 p.m. through Video Conferencing** inter alia, to consider and approve the Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter ended 31/12/2020.
This information is also available in the Company's Website at **www.kcpsugar.com** and in the Websites of National Stock Exchange (**www.nseindia.com**) and Bombay Stock Exchange (**www.bseindia.com**).

**For K.C.P.Sugar and Industries Corporation Limited**
**sd/**
**R.Ganesan**
**Chief Financial Officer**
**Date: 02.02.2021**
**Place: Chennai**

## SUNDARAM FINANCE HOLDINGS

### STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31.12.2020

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | 31.12.2020 | 30.09.2020 | 31.12.2019 | 31.12.2020 | 31.12.2019 | 31.03.2020 | 31.12.2020 | 30.09.2020 | 31.12.2019 | 31.12.2020 | 31.12.2019 | 31.03.2020 |
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total income from operations | 484.79 | 977.07 | 1991.33 | 2345.76 | 5632.10 | 9247.95 | 1323.89 | 1263.04 | 1889.28 | 4098.34 | 5702.65 | 9255.61 |
| Net Profit / (loss) before Tax | 58.86 | 415.58 | 1281.26 | 775.53 | 3550.72 | 6511.76 | 270.74 | 156.28 | 565.75 | 751.97 | 1336.98 | 3477.44 |
| Net Profit / (loss) after Tax | 47.51 | 378.01 | 1189.53 | 710.30 | 3349.06 | 6138.87 | 2764.89 | 1929.26 | 1807.81 | 3705.54 | 5031.02 | 7813.49 |
| Total comprehensive income for the period (comprising profits / (loss) for the period (after tax) and other comprehensive income(after tax)) | 10074.03 | (7445.66) | (7627.93) | (7923.90) | (38797.52) | (48382.61) | 12359.67 | (6194.20) | (7419.93) | (6202.74) | (37488.19) | (46281.33) |
| Equity Share Capital | 7555.19 | 7555.19 | 7555.19 | 7555.19 | 7555.19 | 7555.19 | 7555.19 | 7555.19 | 7555.19 | 7555.19 | 7555.19 | 7555.19 |
| Reserves (Excluding Revaluation reserves) | | | | | | 116500.67 | | | | | | 178171.08 |
| Earnings Per Share (Basic & Diluted) (Face Value of ₹5/- each) (not annualised) | 0.03 | 0.25 | 0.79 | 0.47 | 2.22 | 4.06 | 1.83 | 1.28 | 1.20 | 2.45 | 3.33 | 5.17 |

The above results do not include any extraordinary item.

Notes:

1. The above is an extract of the detailed format of Quarter and Nine months ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarter and Nine months ended Financial Results is available on the National Stock Exchange website (URL:www.nseindia.com) and on the Company's website (www.sundaramholdings.in).
2. The worldwide disruption caused by the COVID-19 pandemic and the consequent lockdown imposed almost till end-November 2020 have considerably impacted the business operations of our associate companies, including their subsidiaries, which in turn, have impacted the financial results of the Company. Though there have been signs of a reasonably healthy recovery in the automotive sector during the third quarter of the financial year pursuant to the phased release of the lock down, a full recovery to the levels of the pre-COVID era is unlikely in the near term. The company will however continue to closely monitor any material changes to future economic conditions and take appropriate risk mitigation measures.
3. The above results were approved by the Board of Directors at its meeting held on February 1, 2021.

Chennai
01.02.2021

By Order of the Board
T. T. Srinivasaraghavan
Chairman

**SUNDARAM FINANCE HOLDINGS LIMITED**
CIN: L65100TN1993PLC025996
Regd. Office : 21, Patullos Road, Chennai – 600 002. Tel: 91 44 28521181 Fax: 91 44 28586641
E-Mail: investorservices@sundaramholdings.in Website : www.sundaramholdings.in

financialexp.epapr.in

# इधर फौजी की अंत्येष्टि, उधर घर में हो गयी चोरी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर/चौबेपुर।** ग्राम प्रधान और उसके साथियों द्वारा मौत के घाट उतारे गये फौजी सौरभ के दूसरे घर में रविवार रात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों की चोरी कर ली। घटना के समय पूरा परिवार मालौ गांव में मौजूद था। चोरी की सूचना मिलने से चौबेपुर पुलिस के होश उड़ गये। फॉरेन्सिक टीम और डॉग स्क्वायड ने मौके पर जाकर छानबीन की लेकिन नतीजा सिफर रहा। वहीं, गम में डूबे परिजनों ने चोरी गये सामान का ब्योरा बाद में देने की बात कही है।

बंदी माता रोड पर ग्राम प्रधान और उसके साथियों द्वारा जीप से कुचले गये फौजी सौरभ कठेरिया की रविवार 31 जनवरी को रीजेन्सी अस्पताल में मौत हो गयी थी। दोपहर में पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन उसका शव लेकर पैतृक गांव मालौ चौबेपुर चले गये थे। मालौ गांव में शव रखा होने के कारण चौबेपुर के ओमनगर स्थित फौजी सौरभ के दूसरे घर में रह रहे उसके परिजन भी मालौ गांव पहुंच गये थे। ओमनगर में सौरभ के भाई राजन और दीपू परिवार सहित रहते हैं। रात में शातिर चोरों ने ओमनगर स्थित घर का ताला तोड़कर अलमारी और लॉकर में रखे रुपये व जेवरात तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया और भाग निकले। पड़ोसियों ने जब घर का ताला टूटा देखा तो फौजी के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर सौरभ के भाई वहां पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। फौजी के दूसरे घर में चोरी की जानकारी से पुलिस के होश उड़ गये। चौबेपुर इंस्पेक्टर कृष्णानंद राय आनन-फानन फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को लेकर मौके पर पहुंचे। जासूसी कुत्ता पूरा घर घूमने के बाद भी मौके से हिला नहीं, जबकि फॉरेंसिक टीम ने दरवाजों और अलमारी के हैंडिल से कुछ फिंगर प्रिंट बरामद किये हैं। पुलिस का कहना है कि घर में ताला बंद होने का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। चोरी किसी इरादे से की गयी है, इसकी छानबीन भी की जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जायेगा।

¡ôÉVÉò Eò nºÉ® PÉ® ¨Éå ½<ç SÉÉä®ÉÒ Eòä UÉxÉ¤ÉÒxÉ Eò®iÉä bÉìMÉ ºEòÉì´ÉÉb* ¡òÉä]õÉä : BºÉBxÉ¤ÉÒ

## गमगीन माहौल में फौजी का हुआ अंतिम संस्कार, विधायक ने दिया कंधा

**कानपुर/चौबेपुर (एसएनबी)।** शराब न पिलाने पर बंदी माता रोड पर ग्राम प्रधान और उसके साथियों द्वारा जीप से कुचलकर मौत के घाट उतारे गये फौजी सौरभ का सोमवार को नम आंखों के बीच बिठूर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। फौजी सौरभ के शव को भाजपा विधायक ने कंधा दिया और परिजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जायेगी। वहीं, इस मामले में पुलिस अभी तक एक भी आरोपी का पता नहीं लगा सकी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

चौबेपुर के मालौ गांव निवासी किसान नन्हा का बेटा सौरभ कठेरिया सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) में सिपाही था और दिल्ली में तैनात था। वह 26 जनवरी को छुट्टी पर गांव आया था। 28 जनवरी की रात उसे गांव में जीप से कुचला गया था। उसने 31 जनवरी को उसने दम तोड़ दिया था। फौजी का शव अंतिम संस्कार सोमवार को हुआ। जहां विधायक भगवती सागर ने फौजी के शव को कंधा दिया। फौजी का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# पीएफआई का विरोध करने वाले को मिली धमकी

**कानपुर (एसएनबी)।** जूही थानाक्षेत्र के परमपुरवा निवासी सूफी इस्लामिक बोर्ड के राष्ट्रीय प्रवक्ता मो.कौसर हसन मजीदी ने पुलिस को बताया कि उग्र इस्लामिक संगठन के रूप जाने जाने वाले पीएफआई को देश में बैन कराने की मांग करते चले आ रहे हैं। बोर्ड का हैशटैग पीएफआई बैन ट्विटर हैंडल पर खूब ट्रेंड हुआ था। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में शहर में हुये बवाल में भी इस संगठन का हाथ होने के साक्ष्य मिले थे। इसे बैन करने को लेकर सूफी इस्लामिक बोर्ड की ओर से लगातार विरोध प्रदर्शन भी किये जा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने पीएफआई के समर्थन में उतरे राजस्थान अजमेर शरीफ दरगाह के खादिम पर जूही थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करायी थी। सोमवार शाम अचानक डाकिये ने उन्हें एक पत्र दिया। पत्र में भेजने वाले की नाम के जगह कमाल खान पीएफआई आफिस लिखा हुआ है। पत्र में उन्हें गद्दार बताते हुये धमकी देकर भाजपा और संघ जैसे काम करने, विरोध प्रदर्शन करने और अजमेर शरीफ दरगाह के खादिम पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये माफी न मांगने पर सिर कलम कर जनाजे के लिये तरस जाने की बात लिखी गयी है। एसपी साउथ दीपक भूकर ने बताया कि पत्र मिला है, जिसपर पीएफआई लिखा हुआ है। उर्दू भाषा को हिन्दी परिवर्तित कराकर जांच की जा रही है।

## कैनोपी लगाकर सिमकार्ड बेच रहे युवक को पीटा

**कानपुर।** जाजमऊ निवासी तैय्यब और इनायत ने बताया कि वह छबीलेपुरवा में बीएसएनएल की कैनोपी लगा कर सड़क किनारे सिमकार्ड बेच रहे थे, तभी तीन युवक नशे की हालत में आये और खरीद को लेकर गालीगलौज कर मारपीट की। उसके पास आठ हजार रुपये भी लूट ले गये। पीड़ित ने जाजमऊ चौकी में तहरीर दी है।

EMA INDIA LIMITED
Regd. Office : C-37, Panki Industrial Area, P.O. Udyog Nagar, Kanpur-208022. Tel: +91-512-2691210-11
Website : www.eiltd.info, e-mail : emaindia.cs@gmail.com
CIN – L27201UP1971PLC003408
NOTICE
Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 and other applicable regulations of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, notice is hereby given that the Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Thursday 11th February, 2021 inter-alia to consider and approve the Un-Audited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended 31st December, 2020.
The information contained in this notice is also available on the Company's corporate website (www.eiltd.info) and on the website of BSE Limited (www.bseindia.com). For EMA INDIA LTD. sd/- NAMITA SABHARWAL (Company Secretary)
Date : 01.02.2021
Place : Kanpur

## बीस हजार का इनामी दबोचा गया

**कानपुर।** बर्रा पुलिस ने बीस हजार के इनामी अभियुक्त बर्रा दो केबी निवासी टू निवासी गुरुदीप सिंह उर्फ लल्ला सरदार को पीले पुल के पास दबोच है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में दर्जनों अपराधिक मामले दर्ज हैं और पुलिस को इसकी काफी दिनों से तलाश थी।

# एसटीएफ ने 25 हजार के इनामी को साथी संग पकड़ा

**कानपुर (एसएनबी)।** स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की कानपुर यूनिट और पनकी पुलिस ने चोरी के मामले में काफी समय से वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी लुटेरे को उसके साथी के साथ सोमवार सुबह पनकी रेलवे स्टेशन के पास एक बंद मकान से गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ ने उनके कब्जे से लूट व चोरी के 56 हजार रुपये, दो लाख रुपये के गहने, पांच मोबाइल, दो आधार कार्ड, दो एटीएम कार्ड, दो पेनकार्ड, एक न्यूज चैनल का आईकार्ड और एक तमंचा बरामद किया है। एसटीएफ ने दोनों को पनकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसटीएफ की कानपुर यूनिट को आला अधिकारियों ने इनामी और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी का काम सौंपा था। एसटीएफ वांछितों और इनामियों की छानबीन कर रही थी, तभी उसे पता चला कि महानगर व आसपास के जनपद में एक गिरोह सक्रिय है जो लूट और चोरी की वारदात करता है। उसका सरगना रामचंद्र उर्फ सोनू राजपूत है जो वर्तमान में जेल में बंद है। उसके जेल जाने के बाद गिरोह का सदस्य दबौली निवासी राजकुमार उर्फ शेरा गिरोह की कमान संभाले हैं और वह पनकी थाने से वांछित पच्चीस हजार का इनामी भी है। इस जानकारी के बाद एसटीएफ शेरा की तलाश में जुट गयी। रविवार रात को एसटीएफ को मुखबिर से सूचना मिली कि शेरा अपने एक साथी के साथ पनकी क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने आ रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ सक्रिय हो गयी और उसने पनकी पुलिस के साथ मिलकर मुखबिर द्वारा बताये गये पनकी रेलवे स्टेशन के बाद एक बंद मकान में दबिश दी। दबिश के दौरान शेरा और उसका साथी फतेहपुर जनपद के बिंदकी कस्बे के ग्राम जरोली निवासी दीपक सिंह उर्फ अंशु को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ और पुलिस ने उनके कब्जे से लूट और चोरी के 56 हजार 495 हजार रुपये, दो लाख रुपये के गहने, पांच मोबाइल, आधार कार्ड, पेन कार्ड, एटीएम कार्ड, एक न्यूज चैनल का आईकार्ड और एक तमंचा और कारतूस बरामद किया। एसटीएफ ने दोनों आरोपियों को पनकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पनकी एसओ अतुल कुमार ने बताया कि शेरा शातिर लुटेरा और चोर है। वह वर्ष 2014 में हिस्ट्रीशीटर रामचंद्र उर्फ सोनू के सम्पर्क में आया था। इसके बाद यह घटनाएं करने लगा। शेरा ने अपने साथियों दीपक दिवाकर, सोनू राजपूत और भरत पांडे के साथ पनकी स्टेशन के पास ई ब्लॉक में चोरी और लूट की वारदात की थी। इसमें सोनू समेत अन्य साथियों के गिरफ्तार हो जाने पर वह बंगलूरू भाग गया था। वहां भी उसने अपने साथी अंशु सिंह के साथ तुमकुंडा चौक पोस्ट जिला अनन्तपुर आंध्र प्रदेश में बेकरी शॉप के मालिक के घर लाखों की चोरी की थी। एसओ पनकी ने बताया कि शेरा ने खुद को पुलिस से बचाने के लिए एक न्यूज चैनल से जुड़ गया था और उस चैनल के लिए कैमरा चलाने का काम करने लगा था। एक दो बार वह चेकिंग में फंसा भी तो मीडिया का कार्ड दिखाकर बच गया था। पुलिस ने बताया कि शेरा और उसके साथी अंशु को जेल भेज दिया गया है।

BºÉ]õÉB¡ò uÉ®É {ÉEòcä MÉªÉä ¶ÉÉiÉ® ±É]ä®ä ºÉÉlÉ ¡òÉä]õÉä : BºÉBxÉ¤ÉÒ

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, फतेहपुर
पत्रांक-250/ई-7/2021 दिनांक-30.01.2021
-: नोटिस :-
श्री अनिल कुमार पुत्र स्व. शिवबोध पदस्थापित मेट कार्यालय अभियंता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, फतेहपुर, निवासी-कृपालपुर, मजरे बहलोलपुर एलई, थाना-खागा, जिला-फतेहपुर, जो दिनांक 01.08.2018 से बिना सूचना अथवा बिना अवकाश स्वीकृति के राजकीय कार्यों से अनुपस्थित चल रहे हैं। श्री अनिल कुमार पुत्र स्व. शिवबोध, मेट को पूर्व में भी इस कार्यालय के नोटिस संख्या 2627/ई-7-2019 दिनांक 03.10.2019 द्वारा कार्यालय में राजकीय सेवाओं में योगदान करने हेतु सूचित किया गया था परन्तु उपरोक्त आदेश का अनुपालन न करते हुए आज दिनांक 29.01.2021 तक राजकीय सेवाओं से योगदान नहीं किया गया है एवं पूर्णतः अज्ञात है। अतः उपरोक्त के क्रम में पुनः श्री अनिल कुमार पुत्र स्व. शिवबोध, मेट को सूचित किया जाता है कि वे प्रत्येक दशा में दिनांक 10.02.2021 तक तैनाती कार्यालय में राजकीय सेवाओं में योगदान करना सुनिश्चित करें। दिनांक 10.02.2021 तक योगदान न करने की दशा में उत्तर प्रदेश राजकीय कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 का उल्लंघन मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण सक्षम अधिकारी को संदर्भित कर दिया जाएगा।
अधिशाषी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग
फतेहपुर

## पंचायत चुनाव : मतदाताओं की सुविधा को बढ़ाये गये 102 बूथ

**कानपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रशासन की तैयारियां जारी है। वर्ष 2015 की अपेक्षा वर्ष 2021 में होने वाले पंचायत चुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए 102 बूथ और बढ़ा दिये गये है। अब 1994 बूथों पर मतदाता मतदान कर सकेंगे। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी बीके श्रीवास्तव ने दी है।

Eò±ªÉÉhÉ{É֮ ´É ºÉ®ºÉÉè±É ¤±ÉÉìEò ¨Éå ºÉ¤ÉºÉä +ÊvÉEò ¤ÉÚlÉ

वर्ष 2021 में 10 ब्लॉकों में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदाताओं की संख्या में हुई वृद्धि के कारण मतदान बूथों की संख्या में भी बढ़ोतरी की गयी है। विगत चुनाव में 10 ब्लॉकों में हुए चुनाव के लिए 1892 मतदान बूथ स्थापित किये गये थे, जो कि अब बढ़कर 1994 हो गये हैं। कुल 102 मतदान बूथों की बढ़ोतरी की गयी है। सबसे अधिक बूथों की संख्या में बढ़ोतरी सरसौल व कल्याणपुर ब्लॉक में 21-21 बूथ बढ़ाये गये है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2021 में होने वाले पंचायत में 13 लाख 7 हजार 830 मतदाता 1994 मतदान बूथों पर मतदान कर सकेंगे। बिधनू ब्लॉक में 14 बूथ, चौबेपुर ब्लॉक में 13 बूथ, शिवराजपुर व बिल्हौर ब्लॉक में 8-8 बूथ, भीतरगांव में 7 बूथ, घाटमपुर में 5 बूथ, पतारा में 4 तथा ककवन ब्लॉक में एक बूथ बढ़ाया गया।

# सर्वोदय नगर में नगर आयुक्त ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**कानपुर (एसएनबी)।** सर्वोदय नगर स्थित सर्वोदय नगर नागरिक समिति के साथ निरीक्षण करते समय नगर आयुक्त अक्षय त्रिपाठी ने ड्रेनेज सिस्टम से लेकर अतिक्रमण देखा। अतिक्रमण को सोमवार को ही हटवाने के निर्देश नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता-6 जलकल ने बताया कि जलकल विभाग सर्वोदय नगर में सीवर लाइन डाली जा चुका है और जच्चा बच्चा अस्पताल के सीवर कनेक्शन का कार्य अन्तिम चरणों में है। इसे मुख्य मार्ग की मेन लाइन से जोड़ा रहा है। यह कार्य लगभग पांच दिन में पूर्ण कर लिया जायेगा।

प्रभारी जोनल अभियन्ता ने बताया कि ड्रेन का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। 25 फरवरी तक कार्य समाप्त कर दिया जायेगा। अब फिनिशिंग का कार्य बचा है, जो जल्द ही पूर्ण होगा। सर्वोदय नगर की रोड रेस्टोरेशन के सम्बन्ध में प्रभारी जोनल अभियन्ता ने बताया कि सर्वोदय नगर के अन्तर्गत थाना काकादेव से लेकर आरटीओ व अन्य अन्दर की रोड के लिए 1.81 करोड़ का इस्टीमेट तैयार किया गया है, जिसे धन की उपलब्धता के आधार पर कराया जायेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि 14वें वित आयोग के अन्तर्गत मिसलेनियस राशि से इस कार्य को कराया जाये, इसलिए मुख्य अभियन्ता से वार्ता कर पत्रावली प्रस्तुत की जाये। निरीक्षण के दौरान समिति ने अवगत कराया गया कि गेट के पास व पार्क के बगल में अतिक्रमण है, नगर आयुक्त ने कहा कि आज ही पूरे सर्वोदय नगर कालोनी से अतिक्रमण को हटाया जाये, इसके लिए पुलिस बल की सहायता भी ली जाये। समिति ने काकादेव थाने से आरटीओ मार्ग तक बीट में कोई कर्मचारी न होने की बात कही। मौके पर ही जोनल स्वच्छता अधिकारी-6 को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय विनय प्रताप सिंह जोनल अधिकारी, केपी आनन्द अधिशाषी अभियन्ता जलकल, श्र आरके सिंह प्रभारी अभियन्ता,सुरेश यादव जोनल अभियन्ता व सर्वोदय नगर नागरिक समिति के सदस्य गौरव वैध, मुदित प्रधान, संकल्प भार्गव,भूपेन्द्र सिंह, संजय सिंह,संजीव मिश्रा व सन्दीप अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

## शिवपाल संदेश यात्रा का स्वागत

**कानपुर।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी कानपुर नगरग्रामीण के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के आह्वान पर गांवगांव शिवपाल संदेश यात्रा के माध्यम से ईटारा सीढ़ी, सकतपुर गांव में जनसंपर्क किया गया। जगहजगह किसानों, व्यापारियों, पूर्व सैनिकों ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पदाधिकारियों ने लोगों को पार्टी का फार्मेट, बुकलेट व बेरोजगारी का आवेदन फार्म व नव वर्ष का कलेंडर वितरित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव की जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में बताया गया। यहां विनोद कुमार प्रजापति, राजपाल यादव, रामप्रकाश मिश्रा, प्रमोद यादव, आकाश प्रजापति, राम बहादुर पासवान, श्रवण कुरील, वंश प्रजापति, शिव कुमार प्रजापति आदि थे।

## कार ने ऑटो में मारी टक्कर, चालक की मौत

**कानपुर।** नौबस्ता थाना क्षेत्र के बाबा नगर निवासी राम कैलाश (45) ऑटो चालक था। रविवार देर रात वह ऑटो से दो सवारियों को लेकर नौबस्ता से हैलट जा रहा था। वह जब पांडु नगर पहुंचा तो आईटीआई के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो पलट गया और राम कैलाश और दोनों सवारियां घायल हो गयीं। पुलिस तीनों को लेकर हैलट अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टर ने राम कैलाश को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## एसपी साउथ ने परखी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

**कानपुर।** एसपी साउथ ने सोमवार दोपहर पुलिस बल के साथ चावला मार्केश स्थित पीएनबी की शाखा में पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे व सायरन के बारे में बैंक अधिकारियों से बात की। बैंक कर्मियों ने बताया कि सीसीटीवी चालू हैं और सायरन भी ठीक से काम कर रहा है। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश देते हुये कहा कि बैंक में आने वाला कोई भी व्यक्ति अगर संदिग्ध लगे तो इसकी जानकारी तत्काल संबंधित थाने में दे और बैंक में कोई भी व्यक्ति असलाह के साथ न आने पाये।

## कंटेनर खराब होने से हाईवे पर लगा भीषण जाम

**कानपुर।** दहेली सुजानपुर स्थित एक स्क्रैप गोदाम से निकला कंटेनर अचानक हाईवे पर आकर खराब हो गया। बीच सड़क कंटेनर के खराब होने से चालक भी परेशान हो गया। इससे पहले कि वह कुछ करता वाहनों की लम्बी कतार लग गयी। धीरेधीरे वाहनों की कतारे पीएसी मोड़ तक लग गयी। पुलिस ने क्रेन से कंटेनर को हटवा कर जाम खुलवाया।

## ब्यूटी पार्लर गयी प्रोफेसर का बैग गायब

**कानपुर।** बारा बिहार निवासी विष्णु शंकर ओझा की पत्नी रितू ओझा विहार विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। रितू के मुताबिक तीन दिन पूर्व वह जेके कॉलोनी स्थित मायके आयी थी। उन्होंने बताया कि रविवार को वह इलाके में स्थित एक ब्यूटी पार्लर में फेशियल कराने गयी थी। फेशियल कराने के दौरान उन्होंने अपना बैग पास ही स्थित मेज पर रख दिया। जब वह कुर्सी उठी तो देखा कि बैग मेज से गायब है। उन्होंने बताया कि बैग में सोने के टॉप्स, मोबाइल व तीस हजार रुपये थे।

## कैमरे में कैद हत्यारों की शिनाख्त में जुटी पुलिस

**कानपुर।** बिधनू के गोपालनगर निवासी शिक्षक श्रवण कुमार शुक्ला शुक्रवार सुबह घर से करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित चट्टे से दूध लेने गए थे। इसी दौरान घर में अकेली पत्नी मधु की बदमाशों ने हत्या कर दी थी। श्रवण घर लौटे तो गेट अंदर से बंद था। गेट न खुलने पर वह पीछे गली से छत पर गए तो इसी बीच गेट खोलकर दो युवक तिराहे की तरफ भाग निकले। जिन्हे बुआ रामा और पड़ोसियों ने देखा था। इसको लेकर पुलिस ने तिराहे के पास दो दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी के समेत दूसरी गली से चार डीबीआर निकलवाये थे। जिनमें पुलिस ने तिराहे के पास लगे सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला तो करीब सुबह 7.40 बजे दो 20 से 22 साल की उम्र के दो युवक भागते हुए दिखाई दिए है। घटना के राजफाश के लिए जुटी पुलिस ने रविवार को मृतक के पति, बेटे, बहू और मायके पक्ष के लोगों से अलग-अलग चार घंटे तक बंद कमरे में पूछताछ की। पूछताछ में अब तक करीबी पर ही पुलिस के शक की सुई अटकी हुई है। पुलिस जेल में बंद कुख्यात अपराधियों की मदद से भी संदिग्धों की पहचान के प्रयास कर रही है। उधर, एसपी ग्रामीण बृजेश श्रीवास्तव से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण तथ्य मिले है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया जायेगा।

## कोर्ट के आदेश पर थाना प्रभारी के खिलाफ मुकदमा

**कानपुर।** बाबुपुरवा क्षेत्र के मो. समीर के खिलाफ मुकदमा दायर है। इस मुकदमे में हाजिर होने के लिए एडीजे 16 रोहित सिंह ने 18 जनवरी को मो. समीर के खिलाफ वारंट जारी किया। वारंट को तामील कराने में पुलिस ने लापरवाही बरतते हुए वारंट तामील नहीं कराया। इस मामले को अदालत ने गंभीरता से लेते हुए टिप्पणी की कि न्यायालय के आदेश को पालन कराने में पुलिस की कोई रुचि नहीं है। यह अपराध की श्रेणी में आता है। इस अपराध में तीन माह से अधिक का वेतन काटने अथवा तीन माह की सजा का प्रावधान है। अतः थाना प्रभारी बाबूपुरवा के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दायर करने के आदेश देने के साथ ही 16 फरवरी को अदालत में हाजिर होने के निर्देश दिये है।

## दबौली पार्क में स्टैण्ड देखकर महापौर बिफरीं

**कानपुर।** दबौली स्थित डाकघर के सामने एक पार्क का निरीक्षण करने पहुंचीं महापौर प्रमिला पाण्डेय ने सोमवार स्टैण्ड बने पार्क से गाड़ियों को हटवाकर चालान करवाया। पार्क में मोहल्ले के एक आदमी ने जनरेटर लगवाया हुआ था। उक्त जनरेटर को भी हटवाया गया। इसके बाद एक पार्क में महापौर पहुंची तो वहां अतिक्रमण था। अधिकारियों ने महापौर को बताया कि इसका मामला न्यायालय में विवादित है। अभियान के दौरान जोनल अधिकारी स्वर्ण सिंह, उद्यान अधीक्षक वीके सिंह और प्रवर्तन दल के प्रभारी आलोक नारायण आदि थे।

## रक्तदान किया

**कानपुर।** मारुति नन्दन सेवा समिति और संकल्प सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में पनकी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 लोगों ने रक्तदान किया। यहां उदयभान सिंह, आशुतोष, विजय मिश्रा, नीरज चौहान, मनोज मिश्रा, रजनेश थे।

Frontier Springs Ltd.
(Largest Manufacturer of Springs for LHB Coaches)
Regd. Off.: KM 25/4 Kalpi Road, Rania, Kanpur Dehat - 209304 CIN: L17119UP1981PLC005212
E-mail: c.s@frontiersprings.co.in, Website: http://www.frontiersprings.co.in
Tel. No. 05111-240212-13, Fax No. 0512-2691207
NOTICE
Pursuant to Regulation 29 (a) read with Regulation 47 (1) (a) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Saturday, February 13, 2021; to *inter-alia* consider, & approve Un-Audited Financial Results for the quarter and nine months ended December 31, 2020.
The information contained in this notice is also available on the Company's website **www.frontiersprings.co.in** and 'BSE Limited' **www.bseindia.com**
Pursuant to Company's Code of Conduct for Prohibition of Insider Trading, the trading window for dealing in securities of the Company has been closed for all directors/officers/designated employees of the Company from January 1,2021 till forty-eight hours after the announcement of Un-Audited Financial Results of the Company on February 13,2021.
For Frontier Springs Limited
Sd/-
Dhruv Bhasin
(Company Secretary & Compliance Officer)
Date: 01.02.2021
Place: Kanpur

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना सं.: 23/2021
रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित पूजा विशेष गाड़ियों का अवधि विस्तार निम्न विवरण के अनुसार किया जायेगा:-

| क्रम सं. | गाड़ी सं. | आवृत्ति | अवधि विस्तार |
|---|---|---|---|
| 1 | 09451 गांधीधाम–भागलपुर | साप्ताहिक | 05-02-2021 से 30-04-2021 तक |
| 2 | 09452 भागलपुर–गांधीधाम | | 08-02-2021 से 03-05-2021 तक |
| 3 | 09057 ऊधना जं.–मण्डुवाडीह | साप्ताहिक | 05-02-2021 से 30-04-2021 तक |
| 4 | 09058 मण्डुवाडीह–ऊधना जं. | | 07-02-2021 से 02-05-2021 तक |

कृपया ध्यान दें: (1) उपरोक्त गाड़ियों के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगें। (2) इन गाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड–19 से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
गुजापि/टी–110 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

स्मार्ट सिटी के कार्यों का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

# 31 मार्च तक काम न होने पर दंडित होंगे अफसर

**कानपुर (एसएनबी)।** मंडलायुक्त ने केस्को सहित कार्य एजेंसियों को स्मार्ट रोड के समस्त कार्य 31 मार्च 2021 तक गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी का काम मार्च 2021 तक पूरा नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और निर्माणकर्ता ठेकेदार पर पेनाल्टी लगायी जायेगी। स्मार्ट सिटी की स्मार्ट रोड समेत कार्यो का निरीक्षण करते समय यह चेतावनी मंडलायुक्त डॉ. राजशेखर ने सोमवार को दी।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त को अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी की स्मार्ट रोड परियोजना में 2.8 किमी स्मार्ट रोड का निर्माण किया जा रहा है। इसमें माल रोड और कैनाल रोड का कुछ हिस्सा शामिल है। इसमें विद्युत लाइनों के भूमिगत केबलिंग,फुटपाथ, कियोस्क, बैठने की सुविधाएं, डिवाइडर पुनर्निर्माण, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट आदि शामिल है। काम लगभग 12 महीने पहले शुरू किया गया था, लेकिन लॉकडाउन के कारण काम में 6 महीने की देरी हुई। उन्होंने कार्य समाप्त की तिथि 31 मार्च कर दी गयी। मंडलायुक्त में नगर आयुक्त और एमडी (केस्को) को निर्देशित किए की वे स्मार्ट रोड से सम्बंधित बिजली के कार्यो का मानक और सुरक्षा बिंदुओं पर एक टीम गठित कर रिपोर्ट 15 फरवरी तक प्राप्त कर आवश्यक कारवाई करें। मंडलायुक्त ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को अगले 15 दिनों में स्मार्ट रोड के 3 डी व्यू वीडियो क्लिप तैयार करने और प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। स्मार्ट सिटी के निर्माण को पूरा करने में देरी से मंडलायुक्त ने नाखुश थे और आपत्ति जतायी। नगर आयुक्त ने मंडलायुक्त को बताया कि स्मार्ट सिटी में परियोजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए स्मार्ट सिटी लिमिटेड के पास पूर्णकालिक इंजीनियरिंग विभाग नहीं है, इसलिए उन्होंने उपरोक्त नागरिक और निर्माण कार्यो के लिए एक विभाग को नामित करने का अनुरोध किया। उपरोक्त मुद्दे को हल करने के लिए मंडलायुक्त ने नगर आयुक्त को स्मार्ट सिटी के तहत निर्माण संबंधी कार्यो को क्रियान्वयन करने के लिए नोडल विभाग के रूप में केडीए को नामित करने के लिए फाइल भेजने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने वीसी केडीए को भी उसी दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ाने को कहा।

º¨ÉÉ]Çõ ¸ÉÉä]õ Eòä EòɪÉÉç EòÉ ÊxÉ®ÒIÉhÉ Eò®iÉä ¨ÉÆb±ÉɪÉÖHò +ÉÊnù* ¡òÉä]õÉä : BºÉBxÉ¤ÉÒ